एक नजर में

## गणेश उत्सव आपसी सौहाद्र से मनाने के लिए की चर्चा



**पानसेमल।** क्षेत्र में गणेश उत्सव को सौहाद्र से मनाने हेतु गणेश उत्सव समिति सदस्यों से जलगोन रोड स्थत शिव मंदिर परिसर में चर्चा की। नगर में इस वर्ष परिवारों तथा गणेश उत्सव समितियों वार्डों एवं पंडालों में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। विधायक श्याम बर्डे ने कहा श्री गणेश उत्सव हम सभी का त्यौहार है। किसी भी प्रकार का विवाद नहीं होने दे। आपसी सौहाद्र का परिचय देते उत्सव मनाए। गणेश उत्सव समिति अच्छी से अच्छी झांकियों का निर्माण करे जिससे सामाजिक, धार्मिक जागरूकता संदेश दिया जा सके। भोजन प्रसादी का आयोजन करे जिससे क्षेत्रवासी पुण्य लाभ प्राप्त करें। विधायक श्याम बर्डे ने समिति सदस्यों से आव्हान किया कि 17 सितम्बर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सामूहिक रूप से आरती करे। नगर परिषद पार्षद सलोनी राणा ने गणेश उत्सव समिति सदस्यों को राशि के सदुपयोग कर त्यौहार मनाने का आव्हान किया। एल्डरमैन मन्ना शुक्ला ने भगवान श्री गणेश के जन्म एवं श्री गणेश उत्सव की शुरूआत की जानकारी दी। चंद्रकांत महाजन, प्रकाश जोशी ने युवाओं को उत्सव भक्ति भाव से मनाने की बात कही। वहां उपस्थित इस्माइल लहरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## जन्माष्टमी उत्सव पर हुए विविध आयोजन

**पानसेमल।** भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर नगर व ग्रामों में धार्मिक आयोजनों के साथ ही मटकी फोड़ प्रतियोगिता, राधा कृष्ण सज्जा प्रतियोगिता के भी कार्यक्रम हुए। नगर में सुबह से ही बाजारों में रौनक बनी रही। श्रीकृष्ण मंदिर, श्रीराम मंदिर, गायत्री मंदिर, शिव टेकड़ी, दुर्गा मंदिर, साईं मंदिर सहित अन्य मंदिरों पर श्रद्धालुओं ने दर्शन कर कुशल कामनाएं की। शनिवार राधा कृष्ण धाम मेंद्राणा में 5 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा का समापन भोजन प्रसादी के साथ हुआ। देर रात्रि सूरत के कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण राधा की रासलीला का प्रदर्शन किया। धार्मिक अनुष्ठान में संतो ने भक्तों को अपना आशीर्वचन दिया। अति प्राचीन श्रीकृष्ण मंदिर में रात्रि सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। रात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर आरती कर प्रसादी का वितरण किया। क्षेत्रीय विधायक श्याम बर्डे ने भी राधा कृष्ण धाम में भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं प्रसाद ग्रहण की। इस अवसर पर करीब 9 हजार के लगभग श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी का पुण्य लाभ प्राप्त किया। राधाकृष्ण धाम पर अब मां नर्मदा, शिव परिवार, हनुमान की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की गई। जन्माष्टमी वार्ड क्रमांक 8 में मटकी फोड़ कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया।



# पेपर लीक रोकने के लिए नया फार्मूला

**बड़वानी, ( नवभारत )।** जिले में त्रैमासिक परीक्षा के प्रश्नपत्र अब महज सीलबंद लिफाफे में नहीं, बल्कि पहचान के साथ पहुंचेंगे। प्रश्नपत्र का एक भी पन्ना बाहर आया तो स्रोत तक पहुंचने के लिए हर पेज पर संबंधित विद्यालय का डायस कोड/बोर्ड कोड अंकित रहेगा। प्रश्नपत्र लीक और अनधिकृत कॉपी की आशंका को देखते हुए शिक्षा विभाग ने सुरक्षा कड़ी कर दी है।

जिले के समस्त शासकीय हाई स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूलों में 3 सितंबर तक प्रश्नपत्रों का एक-एक सेट सीलबंद लिफाफे में पहुंचाया जाएगा। जिले में कक्षा 9वीं से 12वीं की त्रैमासिक परीक्षाएं 7 से 17 सितंबर तक बोर्ड पैटर्न पर आयोजित होगी। कक्षा 9वीं-10वीं की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक और 11वीं-12वीं की दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगी। हर पेज पर वॉटरमार्क अथवा सील रहेगी, जिससे फोटो-कॉपी बाहर आने पर विद्यालय की पहचान होगी।

### रखेंगे पूरी गोपनीयता

त्रैमासिक परीक्षाएं 7 सितंबर से बोर्ड पैटर्न पर होंगी, पूरी गोपनीयता रखी जाएगी। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वानी में 9 से 12 की परीक्षा के साथ ही पेपर बाद उसी दिन अगले पेपर की तैयारी भी कराई जाएगी, जिससे छात्रों को मदद मिलेगी।

**अनिल मिश्रा, प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बड़वानी**





### विमर्श पोर्टल के ब्लूप्रिंट से बनेंगे पेपर

विमर्श पोर्टल पर उपलब्ध ब्लूप्रिंट के आधार पर विषयवार प्रश्नपत्र तैयार होंगे। निर्माण के लिए जिला आंकलन प्रकोष्ठ से प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी। डिजिटल कॉपी की सुरक्षा, प्रिंटिंग-फोटोकॉपी के दौरान गोपनीयता की जिम्मेदारी संस्था प्रमुख की होगी, अनधिकृत कॉपी बाहर आने पर जिम्मेदारी तय होगी। परीक्षा के बीच जिन दिन पेपर नहीं होंगे, नियमित शैक्षणिक गतिविधियां चलेंगी। परीक्षा बाद भी कक्षाएं जारी रहेंगी। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन से कमजोरियों की पहचान होगी। 21 सितंबर को पालक-शिक्षक बैठक होगी, 25 सितंबर तक परिणाम तैयार होंगे।

# शिक्षक और सदस्यों का सम्मान



**बड़वानी, ( नवभारत )।** शासकीय सेवानिवृत्त जिला पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक शनिवार कार्यालय पर आयोजित की गई। शुरुआत अतिथियों द्वारा पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई।

मालू परिहार, घनश्याम अवास्या, मंसूर खान, प्रबोध मिश्र, एमएल वर्मा, साबिर खान, हुकम सिंह मंडलोई, मो. इज हुसैन सैफी, प्रभाकर राव, छोगालाल पाटीदार, कमलकुमार गनवानी, राजेन्द्र कुमार चौहान और सुभाष पटेल को आजीवन सदस्यता प्रदान की गई।

### शिक्षकों को किया सम्मानित

शिक्षक दिवस पर जीआर सूर्यवंशी, मनोहरसिंह दरबार, कैलाश कुमरावत, रामनरेश शुक्ला, श्यामसुन्दर गुप्ता, शिवराम नागराज, वंशीराम कनौजे, भूरालाल सावनेर, पन्नालाल पंवार, बालचंद गोयल, टीआर बाघे तथा रमेशचंद रावत का सम्मान किया। दो सम्मानीय शिक्षकों के निवास पर जाकर उन्हें भी सम्मानित किया।

# रोटरी क्लब ने किया सम्मान





**नवभारत न्यूज**

**बड़वानी।** रोटरी अंतर्राष्ट्रीय एवं रोटरी मंडल 3040 के निर्देश पर रोटरी क्लब ऑफ बड़वानी सिटी ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान फूल-माला और प्रशस्ति पत्र देकर टीचर्स एक्सलेंस आवार्ड से सम्मानित किया।

शनिवार को क्लब सदस्यों ने कौयड़िया खोदरा स्कूल की अध्यापिका फरीदा खान, ज्योति पाटीदार, आशा बालश्रम मावि के प्रधान पाठक दिलीप पाटीदार का सम्मान किया। साथ ही शासकीय महाविद्यालय से सेवा निवृत्त डॉ ओमप्रकाश यादव का फूल-माला व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया।

सभी ने क्लब सदस्यों का आभार माना। क्लब सदस्यों और क्लब अध्यक्ष मनीष जैन ने सभी गुरुजनों को आदर सहित याद कर नमन किया। इस अवसर पर क्लब सचिव बुरहानी रिज़वी, सहायक मंडलाध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय, पूर्व रीजनल चेयरमैन डॉ अर्पित लाड़, सौरभ जैन उपस्थित थे।

# पुलिस ने चंद घंटों में किया लूट का पर्दाफाश



**बड़वानी, ( नवभारत )।** एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई चलाई जा रही है। जिसके तहत राजपुर पुलिस ( चौकी भागसुर ) ने सरगर्मी से कार्रवाई करते हुए ग्राम सिनगुन में हुई लूट की सनसनीखेज वारदात का चंद घंटों में पर्दाफाद कर दिया है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को धर दबोचा और उसके कब्जे से लूटा गया करीब 1 लाख रूपए कीमत का सोने का पेंडल भी बरामद किया।

मामला ग्राम सिनगुन का है, जहां फरियादी हमीर खोडा अपने निर्माणाधीन मकान में सो रहा था। 3 सितंबर की देर रात करीब 1.30 बजे एक अज्ञात बदमाश ने कमरे में घुसकर फरियादी पर हमला कर दिया और उसके गले से सोने का पेंडल छीनने का प्रयास करने लगा। जब फरियादी ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने किसी नुकीली वस्तु से उसके चेहरे पर वार कर दिया और मुक्के से हमला कर 6-7 ग्राम वजनी सोने का पेंडल कीमत लगभग 1 लाख छीनकर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। फरियादी की शिकायत पर थाना राजपुर में अपराध क्रमांक 504/2026, धारा 331(4), 309(6) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए एएसपी धीरज बब्बर एवं एसडीओपी बीएल अटोदे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक माधवसिंह ठाकुर और भागसुर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक आशिक खान के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।

पुलिस टीम ने तत्काल एक्शन में आते हुए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और वैज्ञानिक, मनोवैज्ञानिक एव तकनीकी साक्ष्यों का सहारा लिया। सटीक पतारसी के बाद पुलिस टीम ने संदेह के आधार पर कालू मेघवाल निवासी ग्राम सिनगुन को हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने लूट की बात कबूल कर ली। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटा हुआ सोने का पेंडल बरामद करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है, जिसे अब न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

### कार्रवाई में ये रहे शामिल

इस त्वरित खुलासे में थाना प्रभारी माधवसिंह ठाकुर, चौकी प्रभारी भागसुर एसआई आशिक खान, प्रधान आरक्षक राकेश अण्डेलकर, कमल ब्राह्मणे, आरक्षक दीपक जमरा की विशेष और सराहनीय भूमिका रही।





# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनी धूमधाम से मध्यरात्रि तक चला भजनों का दौर

**पारा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व नगर मंदिर में धूमधाम से मनाया गया द्य मध्य रात्रि में कृष्ण जन्म कै समय महाआरती कर प्रसाद वितरण की गई।

भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव जन्माष्टमी कै पावन पर्व पर नगर कै राम मंदिर और बस स्टेण्ड स्थित हनुमान कृष्ण मंदिर में धूमधाम से मनाया गया द्य मंदिर पर विधुत कि आकर्षक साज सज्जा कि गई द्य दिन में लड्डू गोपाल भगवान का अभिषेक पूजन अर्चन किया द्य मंदिर परिसर पर दही हाड़ी बँधी गई द्य जो रात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण जन्म कै समय महा आरती कै पश्चात बालगोपाल मंडल द्वारा फोड़ी गई। वही नगर कै सदर बाजार में भी मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था द्य जहाँ पर मटकी फोडने वाले प्रतिभागी को पारा पुलिस चौकी प्रभारी पल्ल्वी भावर कै कर कमलो से पुरस्कार वितरण किया गया। वही शाम से हीं भगवान का जन्मोत्सव रामायण मंडल पारा कै कलाकार पंडित संजय शर्मा लाखन सिंह डोडिया चेतन सिंह डोडिया द्वारा हारमोनियम ढोलक पर आकर्षक भजनो कि सुन्दर प्रस्तुति दी गई द्य मध्य रात्री तक चली भजनो कि मह?ल में उपस्थित श्रद्धांलु श्रोता गण भाव विभोर होकर झूम उठे द्य इस अवसर पर पुजारी कमलेश बैरागी उर्फ बब्बू महाराज अभिराम दास पंडित वासुदेव शर्मा मिलन शर्मा फलेश शर्मा रवि कदम शैलेन्द्र राठौर राजा सरतलिया प्रकाश सेन सहित नगर सैकड़ों महिला और पुरुष गण उपस्थित थे।

# राजबाड़ा परिसर में देर रात तक गूंजा जय कन्हैयालाल की...

## भव्य जन्माष्टमी महोत्सव में कंदा जोबट की टीम ने फोड़ी आकाश मटकी

**आलीराजपुर। कृष्ण जन्म उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी राजवाड़ा परिसर में भव्य श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। धार्मिक उत्साह, उमंग और रोमांच से सराबोर इस आयोजन में विभिन्न मटकी फोड़ प्रतियोगिताओं ने देर रात तक हजारों दर्शकों को बांधे रखा। पूरा राजवाड़ा परिसर शुरुआत से लेकर देर रात तक दर्शकों से खचाखच भरा रहा और चारों ओर जय श्री कृष्ण के जयघोष गूंजते रहे।**





कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान एवं सांसद श्रीमती अनिता चौहान उपस्थित रहे। वहीं विशेष अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष (मकू) परवाल, कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर एवं पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों से आए दर्शक मौजूद रहे।

**मटकी फोड़ के लिए पुरस्कार राशि एक लाख के पार**-महोत्सव में आयोजित मुख्य मटकी फोड़ प्रतियोगिता के लिए कैबिनेट मंत्री श्री नागरसिंह चौहान एवं सांसद श्रीमती अनिता चौहान की ओर से 51 हजार रुपये के पुरस्कार की घोषणा की गई थी। कार्यक्रम स्थल पर प्रतियोगिता को लेकर दर्शकों और कार्यकर्ताओं में इतना उत्साह देखने को मिला कि भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए दर्शकों ने भी अपनी ओर से पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। देखते ही देखते पुरस्कार की राशि एक लाख रुपये से अधिक पहुंच गई, जिससे प्रतियोगिता का उत्साह और रोमांच कई गुना बढ़ गया।

### बच्चों ने जमीन पर मटकी फोड़ने में दिखाया उत्साह

महोत्सव के दौरान छोटे बच्चों के लिए विशेष रूप से जमीन मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें बड़ी संख्या में छोटे-छोटे बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने अपनी प्रतिभा और जोश का प्रदर्शन करते हुए मटकी फोड़ने का प्रयास किया। प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को आयोजकों द्वारा नकद पारितोषिक प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। सांसद अनिता चौहान ने रस्सी संभाली तो कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने मटकी फोड़ी, वहीं जब मंत्री चौहान ने रस्सी संभाली तो सांसद अनिता चौहान ने मटकी फोड़कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कलेक्टर नीतू माथुर और उनके पति ऋषभ माथुर ने भी कपल मटकी फोड़ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। एक बार ऋषभ माथुर ने रस्सी संभाली और कलेक्टर नीतू माथुर ने मटकी फोड़ी, वहीं दूसरी बार कलेक्टर नीतू माथुर ने रस्सी संभाली और उनके पति ऋषभ माथुर ने मटकी फोड़कर प्रतियोगिता का आनंद लिया।

# पुराना नाका पर 21वां जन्मोत्सव कार्यक्रम रामपुरिया की टीम ने फोड़ी मटकी...

**पेटलावद।** जन्माष्टमी के पावन अवसर पर नगर के पुराने नाका पर श्री पुराना नाका राधा-कृष्ण मित्र मंडल के तत्वावधान में 21वीं मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। धार्मिक आस्था, भारतीय संस्कृति और राष्ट्रभक्ति से सराबोर इस आयोजन में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं दर्शक पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुई।

रिस्क नृत्य अकादमी के कलाकारों ने भगवान गणेश, राधा-कृष्ण, भगवान महादेव एवं पारंपरिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं गुजरात से आए कलाकारों ने राधा-कृष्ण की सुंदर रासलीला प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। स्थानीय युवाओं ने गरबा एवं भक्ति गीतों की प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में उत्साह का रंग भर दिया।



रात्रि 12 बजे भगवान राधा-कृष्ण की भव्य महाआरती संपन्न हुई। इसके बाद सभी ने एक साथ वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया। हजारों लोगों की एक साथ उठती आवाज से पूरा पुराना नाका राष्ट्रभक्ति के भाव से गूंज उठा। भक्ति और राष्ट्रभक्ति का यह अनूठा संगम आयोजन का विशेष आकर्षण रहा। महाआरती के बाद मटकी फोड़ प्रतियोगिता शुरू हुई, जिसका रोमांच रात करीब 1 बजे तक बना रहा। क्रेन की सहायता से ऊंचाई पर लटकाई गई मटकी को फोड़ने के लिए विभिन्न टीमों ने पूरे उत्साह के साथ प्रयास किए। कई प्रयासों के बाद रामपुरिया की टीम ने मटकी फोड़कर विजय हासिल की।

एक नजर में

13वीं वेस्ट जोन प्री-नेशनल शूटिंग टूर्नामेंट में दिखाया कमाल, नेशनल चैंपियनशिप के लिए चयन

# गोवा में वेदिका महेश रावत ने तीन पदक जीत बढ़ाया आलीराजपुर का मान

**नवभारत न्यूज**

**आलीराजपुर। प्रतिभा, मेहनत और निरंतर अभ्यास के दम पर आलीराजपुर की होनहार निशानेबाज वेदिका महेश रावत ने एक बार फिर अपनी शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है। गोवा में आयोजित 13वीं वेस्ट जोन प्री-नेशनल शूटिंग टूर्नामेंट में वेदिका ने 50 मीटर राइफल शूटिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए अलग-अलग वर्गों में तीन पदक अपने नाम किए।**

वेदिका ने प्रतियोगिता के यूथ वर्ग में रजत पदक, जूनियर वर्ग में कांस्य पदक तथा सीनियर वर्ग में भी कांस्य पदक हासिल किया। एक ही प्रतियोगिता में तीन अलग-अलग वर्गों में पदक जीतकर वेदिका ने अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया है।



गोवा में बेहतरीन प्रदर्शन का परिणाम यह रहा कि वेदिका महेश रावत का नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। अब वह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। वेदिका की यह सफलता पहली बार नहीं है। इससे पूर्व भी वह प्रदेश स्तर की विभिन्न शूटिंग प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीत चुकी हैं। लगातार प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करते हुए उन्होंने शूटिंग के क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बनाई है।

**परिवार को बेटी की उपलब्धि पर गर्व**-वेदिका महेश रावत आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल एवं जोबट विधायक सेना महेश पटेल की सुपुत्री हैं। बेटी की इस उपलब्धि पर परिवार में खुशी का माहौल है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, खेलप्रेमियों, शुभचिंतकों और नागरिकों ने वेदिका को बधाई दी है।

### छोटे से क्षेत्र की बेटियों के लिए बनीं प्रेरणा...

वेदिका की सफलता न केवल उनके परिवार और आलीराजपुर के लिए गर्व का विषय है, बल्कि क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणादायक है। लगातार मेहनत, अनुशासन और अभ्यास के जरिए वेदिका ने साबित किया है कि बेटियां खेल के क्षेत्र में प्रदेश और देश स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं। अब आलीराजपुर के रहवासियों की नजरें राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप पर हैं, जहां वेदिका से शानदार प्रदर्शन और पदक की उम्मीद है।